CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 104 ▫ रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### एंबुलेंस से तस्करीः 50 लाख का गांजा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद, 8 मई (हाईवे चैनल)।** एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस में छिपाकर ले जा रहे 77 किलो अवैध गांजा को जब्त किया है। मामले में महाराष्ट्र के 5 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त एंबुलेंस, पायलेटिंग कार और 5 मोबाइल फोन समेत कुल 50 लाख 45 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार, ओडिशा से महासमुंद की ओर एक एंबुलेंस वाहन क्रमांक एमएच 13 सीयू 0707 में गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टेमरी जांच नाका में घेराबंदी कर एंबुलेंस और उसके आगे चल रही पायलेटिंग कार क्रमांक एमएच 12 एनबी 5277 को रोका गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने एंबुलेंस में गांजा होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें करीब 77 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 68/2026 के तहत धारा 20(B)(II)(C) और 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### ट्रंप को बड़ा झटकाः अमेरिकी अदालत ने खारिज किया नया टैरिफ आदेश, कहा- व्यापार कानून का हुआ गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 8 मई (न्यूज चैनल)।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी संघीय व्यापार अदालत ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए नए वैश्विक आयात शुल्क को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट के तहत मिली सीमित शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया और कानून से बाहर जाकर 10 प्रतिशत आयात अधिभार (इंपोर्ट सरचार्ज) लगाने की कोशिश की। अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने 2-1 के फैसले में कहा कि ट्रंप प्रशासन 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे के आधार पर नहीं कर सकता।




**चूहा- सुनती हो, तमिलनाडु में विजय पराजय में बदल गया है।**
**चुहिया- हां जी, क्या करोगे मोदी है तो मुमकिन है।**

### अंबानी परिवार भी होगा मौजूद, सुरक्षा में 8 आईपीएस समेत होंगे 1500 पुलिसकर्मी

# मैदान में रो-को तो स्टेडियम में सेलिब्रिटीज की रहेगी धूम



**रायपुर, 8 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर को 10 साल बाद आईपीएल मैचों की मेजबानी मिली है. शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में मैचों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. राजधानी सेलिब्रिटीज से लेकर क्रिकेट फैंस के तैयार है. रविवार यानी 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा. इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली के फैंस देखने पहुंचेंगे. वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और रोहित शर्मा की पत्नी रितिका पहुंच सकती हैं. इसके अलावा मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी को स्पोर्ट करने के लिए अंबानी परिवार के पहुंचने के आसार हैं. बॉलीवुड हस्तियां भी मैच देखने आ सकती हैं. वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं.

राजधानी में एक ओर जहां क्रिकेट फैंस 10 और 13 मई को होने वाले मैच के लिए उत्साहित हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए हैं. मुख्य सचिव विकासशील ने हाईलेवल मीटिंग ली थी, जिसके बाद से सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई है. आईजी-डीआईजी और एसपी स्तर के 8 आईपीएस अफसरों के साथ 20 राजपत्रित अधिकारी और करीब 1500 जवान तैनात रहेंगे। डीआईजी गिरजाशंकर जायसवाल को सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया है, वह आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे. 1200 पुलिस जवानों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है. साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अलग से 300 से ज्यादा जवान मौजूद रहेंगे।

### दर्दनाक सड़क हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने पति-पत्नी को कुचला, मौके पर हुई मौत

### 4 साल का मासूम गंभीर



**कबीरधाम, 8 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां बाइक सवार पति-पत्नी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। इस घटना में दोनों की मौत हो गई और उनका 4 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। यह घटना कुण्डा थाना क्षेत्र में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान कृष्णा आढिले और पत्नी कीर्ति आढिले के रूप में हुई है, जो कि सारंगढ़ के रहने वाले थे। कृष्णा आढिल शुक्रवार सुबह अपनी पत्नी कीर्ति और 4 साल के बेटे के साथ बाइक से अपने ससुराल कोलेगांव जा रहा था। कुण्डा थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक को क्रॉस करते समय बाइक सड़क किनारे गिली मिट्टी में फिसलकर गिर गई और पति-पत्नी ट्रक के पहिए के नीचे आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका 4 साल का बेटा दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन तब तक ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। वहीं गंभीर रूप से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर घटना में मृत पति-पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उत्तरपुस्तिका जांच में लापरवाही बरतने वाले 30 शिक्षकों पर कार्रवाई, माशिमं ने 3 साल के लिए किया ब्लैकलिस्ट



**रायपुर, 8 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले 30 शिक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंडल द्वारा जारी आदेश में संबंधित शिक्षकों को अगले तीन वर्षों के लिए मंडल के विभिन्न कार्यों से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के दौरान कई छात्रों के अंकों में 20 से 40 तक की बढ़ोतरी सामने आई। इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए मंडल ने जांच के बाद संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई की है। मंडल ने संबंधित शिक्षकों की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की भी अनुशंसा की है। बताया जा रहा है कि मूल्यांकन कार्य में लापरवाही और अंक देने में गंभीर गड़बड़ी पाए जाने के बाद यह कदम उठाया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस कार्रवाई को शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। वहीं इस निर्णय के बाद शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

## बैठक में शामिल होने एक गाड़ी में होटल पहुंचे अमित शाह-शुभेंदु, मुलाकात पर पीठ भी थपथपाई

### मुख्यमंत्री की रेस में सुवेंदु अधिकारी का पलड़ा सबसे भारी



**नई दिल्ली, 8 मई (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता पहुंच गए हैं। वे आज शाम होने वाली विधायक दल की बैठक में शिरकत करेंगे। कोलकाता पहुंचने के बाद अमित शाह ने पहले दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वे कोलकाता के एक होटल में होने वाली भाजपा की अहम बैठक के लिए रवाना हो गए। खास बात ये है कि अमित शाह और शुभेंदु अधिकारी एक ही गाड़ी से होटल पहुंचे। साथ ही जब अमित शाह के कोलकाता पहुंचने पर शुभेंदु अधिकारी समेत अन्य भाजपा नेता उनके स्वागत के लिए पहुंचे थे तो उस दौरान शाह ने शुभेंदु से मुलाकात के समय उनकी पीठ भी थपथपाई थी।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद अब भाजपा राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने जा रही है। पार्टी शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में अपने नेता का चुनाव करेगी, जिसके बाद मुख्यमंत्री के नाम पर आधिकारिक मुहर लग जाएगी।

## टीवीके अध्यक्ष विजय ने दी चेतावनी, डीएमके या एआईएडीएमके में से कोई भी सरकार बनाने का दावा करता है, तो पार्टी के सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे



**नई दिल्ली, 8 मई (न्यूज चैनल)।** अभिनेता विजय की तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) ने चेतावनी दी है कि अगर डीएमके या एआईएडीएमके में से कोई भी सरकार बनाने का दावा करता है, तो पार्टी के सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे। यह फैसला डीएमके और एआईएडीएमके में हुई दो अहम बैठकों के बाद लिया गया। टीवीके को अब शक है कि दोनों पार्टियां मिलकर सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं और उस पार्टी को बाहर कर रही हैं, जिसे जनता का समर्थन मिला है।

टीवीके का कहना है कि वह 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, इसलिए राज्यपाल को उसे सरकार बनाने के लिए बुलाना चाहिए। लेकिन इससे पहले राज्यपाल आरवी अर्लेकर ने विजय को सरकार बनाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि उनके पास बहुमत नहीं है। उन्होंने विजय की उस योजना को भी स्वीकार नहीं किया, जिससे बहुमत पूरा किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, दूसरी बैठक के बाद राज्यपाल ने कहा कि विजय को 118 विधायकों के समर्थन के पत्र देने होंगे। राजभवन की ओर से कहा गया कि विधानसभा में सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत साबित नहीं हुआ है। टीवीके को बहुमत के लिए 10 सीटों की कमी है। कांग्रेस के पांच विधायकों का समर्थन उसे मिला हुआ है। बाकी सीटों के लिए वाम दलों और कुछ छोटी पार्टियों से बातचीत चल रही है।

## ताड़मेटला नक्सली हमला मामले में सभी आरोपी बरीः डिप्टी सीएम विजय शर्मा का आया बयान, कहा- अभी न्यायालय का दरवाजा बाकी है



**रायपुर, 8 मई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने ताड़मेटला नक्सली हमले के मामले में सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। इस मामले में डिप्टी सीएम विजय शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रकरण प्रस्तुत हुआ था लोअर कोर्ट में कन्विक्शन नहीं हो पाया था। विभिन्न कारणों से पुलिस, प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में अपील की गई थी उसमें भी कन्विक्शन नहीं हो पाया था। अभी न्यायालय का दरवाजा बाकी है।

सीआरपीएफ की 62वीं बटालियन के उप कमांडर सत्यवान सिंह, कंपनी और पुलिस बल के साथ 82वीं फोर्स के साथ 04 अप्रैल 2010 से 07 अप्रैल 2010 तक एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग पर थे, जब 06 अप्रैल 2010 की सुबह ताडमेटला गांव के जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। पुलिस बल को देखते ही नक्सलियों ने उन्हें जान से मारने की मंशा से भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलीबारी की। उक्त गोलीबारी में 76 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। इस घटना की रिपोर्ट चिन्तागुफा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने कहा, निचली अदालत द्वारा पारित बरी करने का फैसला अवैध और अस्थिर है। निचली अदालत महत्वपूर्ण साक्ष्यों को समझने में विफल रही है, जिसमें आरोपी बरसे लखमा का मजिस्ट्रेट के समक्ष धारा 164 सीआरपीसी के तहत दिया गया इकबालिया बयान भी शामिल है, जिसमें उसने अन्य आरोपियों के साथ इस अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

## कृषि उपज मंडी में बढ़ी धान की आवक, बीते 3 दिनों में हुई 13 हजार 549 कट्टा धान की बिक्री

### आज किसानों को मिला आई आर 64, 1010 धान को 1800 रु व गोल्डन सांभा 2200 व ओम 3 को मिला अधिकतम 2600 का भाव

### महीनों बाद श्यामतराई मंडी में बढ़ी रौनक, आने वाले दिनो में और बढ़ेगी आवक



**धमतरी 8 मई (हाईवे चैनल)।** प्रदेश के बड़े कृषि मंडियों में शुमार धमतरी के श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में विगत कई महीनो बाद धान की आवक बढ़ी है। आवक बढने् के साथ ही मंडी में रौनक भी बढ़ी है। जिसे तौलिया व हमालो को पहले के मुकाबले अब ज्यादा काम मिलने लगा है।बीते तीन दिनों मे 13 हजार 549 कट्टा धान की बिक्री हुई है.

ज्ञात हो कि पूर्व में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी की गई थी इस दौरान मंडी में आवक लगभग शून्य हो गई थी जिसके पश्चात भी मंडी में धान की आवक काफी कम रही। कई बार 200 से 500 कट्टा के बीच धान की खरीदी बिक्री हो पाई। लेकिन विगत सप्ताह भर से श्यामतराई मंडी में धान की आवक बढ़ी है। 30 अप्रैल को जहां मंडी में 814 कट्टा धान की बिक्र हुई थी, इसके पश्चात मई माह से आवक में और बढ़ोत्तरी हुई। 2 मई को मंडी में 2739 कट्टा धान की बिक्री हुई। जिसमें आईआर चौसठ ओम-3 धान शामिल रहा। इसके पश्चात 4 मई को 4384 कट्टा धान की बिक्री मंडी में हुई। यहां धान की वैरायटी व आवक भी बढ़ी जिसमें आईआर चौसठ ओम-3, 1010, गोल्डन सांभा व सरोना धान भी शामिल रहा। 5 मई को 4353 कट्टा धान की बिक्री मंडी में हुई। 6 मई को 3794 कट्टा, 7 मई को 4822 कट्टा धान की आवक हुई थी। वर्तमान में मंडी में किसानों को धान का कम व मध्यम भाव मिल रहा है। आज मंडी मे किसानों को आई आर 64, 1010 धान को 1800 रु व गोल्डन सांभा 2200 व ओम 3 को मिला अधिकतम 2600 रूपये का भाव मिला.मंडी में आवक लगभग 8 से 10 गुणा बढ़ी है।

**फसल कटाई से बढ़ी आवक:** श्यामतराई कृषि उपज मंडी में धान की आवक बढ़ी है। इसका मुख्य कारण धान की फसल पककर तैयार होने के पश्चात किसानों द्वारा कटाई को बताया जा रहा है। चूंकि इस फसल को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में नहीं खरीदा जाता इसलिए किसानों द्वारा इस सीजन के उपज को व्यापारियों व मंडियो में बेचा जाता है चूंकि कई किसानों की फसल कटाई हो चुकी है। वहीं जल्द अधिकांश किसानों की फसल कटकर तैयार होगी। ऐसे में आने वाले समय में मंडी में धान की आवक और ज्यादा बढ़ सकती है।

**तौलिया हमालो को मिल रहा काम:** विगत कई महीनों से धान की आवक मंडी में कम रहने से तौलिया, हमालों को काम ठीक से नहीं मिल पा रहा था। जिससे इनके समक्ष जीवन यापन व कमजोर आर्थिक स्थिति की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिससे परेशान रहे। लेकिन अब धान की फसल की कटाई शुरु होने के बाद मंडी में धान की आवक बढ़ गई है। जिससे तौलिया, हमालो को काम पहले स् ज्यादा मिलने लगा है। आवक और ज्यादा बढने् से इनके पास पर्याप्त काम रहेगा।

*कृषि उपज मंडी श्यामतराई में विगत सप्ताह भर से धान की आवक बढ़ी है । किसान फसल कटाई कर रहे है ऐसे में आने वाले समय में आवक और बढ़ेगी। मंडी में किसानों को पर्यात सुविधाएं मुहैय्या कराई जा रही है ।*

**सीएल टांडव, प्रभारी सचिव**
कृषि उपड मंडी श्यामतराई धमतरी

## पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा कराने के नाम पर 21 लाख की ठगी, आयोजनकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**राजनांदगांव, 8 मई (हाईवे चैनल)।** सिहोर के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा आयोजित कराने के नाम पर 21 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अंबागढ़ चौकी की भोलेनाथ सेवा समिति ने छुरिया ब्लॉक के ग्राम हालेकोसा निवासी दिनेश साहू पर ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत सौंपी है। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी दिनेश साहू वही व्यक्ति है, जो हर वर्ष अपने गृह ग्राम में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का आयोजन कराता रहा है। समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव पुराण कथा कराने के नाम पर दिनेश साहू ने समिति से कुल 21 लाख रुपये नगद लिए थे। बताया गया कि कथा का आयोजन 8 मई से 14 मई 2026 तक होना तय किया गया था, लेकिन बाद में जानकारी मिली कि उक्त तिथियों में पंडित प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम झारखंड के रांची में निर्धारित है।

शिकायत में कहा गया है कि समिति के सदस्यों ने दो अलग-अलग किश्तों में 5 लाख और 16 लाख रुपये नगद दिनेश साहू को उसकी किराना दुकान में दिए थे। आरोप है कि रकम लेने के बाद कथित तौर पर झूठी तारीख बताकर समिति को गुमराह किया गया और कथा आयोजन की तैयारियां भी शुरू करा दी गईं। पोस्टर, बैनर और निमंत्रण पत्र तक छपवा दिए गए थे। मामले की सच्चाई जानने समिति के सदस्य मध्यप्रदेश के सीहोर स्थित कुबेरश्वर धाम भी पहुंचे, जहां कथित तौर पर पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यालय से जानकारी मिली कि अंबागढ़ चौकी की कथा के लिए कोई राशि जमा नहीं की गई है।

CMYK